जागरण
www.jagran.com May 25,2017
नरेंद्र मोदी # तीन तलाक # कुलभूषण जाधव # आतंकी हमला # पॉजिटिव न्यूज # जागरण स्पेशल
दिल्ली ▸ नई दिल्ली

मोदी सरकार की उपलब्धि बताने को दौड़ेंगे युवा

By Jagran Publish Date:Wed, 24 May 2017 08:43 PM (IST) | Updated Date:Wed, 24 May 2017 08:43 PM (IST)

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली :

नरेंद्र मोदी सरकार के तीन साल पूरे होने पर केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से दिल्ली में स्लम दौड़ आयोजित किया जाएगा। खेल राज्य मंत्री विजय गोयल ने बताया कि इस दौड़ में तीन हजार से अधिक युवा शामिल होंगे। 26 मई को सुबह दिल्ली विश्वविद्यालय के सर शकर लाल हॉल से रग्बी स्टेडियम तक होने वाली इस दौड़ में प्रसिद्ध बॉक्सर मैरी कॉम भी मौजूद रहेंगी।

उन्होंने कहा कि इस दौड़ के माध्यम से झुग्गी बस्तियों में रहने वाले युवाओं को जागरूक किया जाएगा। इन युवाओं को आने वाले समय में प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे कि वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि स्लम गोद अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों, उद्यमियों तथा गैर सरकारी संस्थानों से अपील की जाएगी कि वह कम से कम एक झुग्गी बस्ती को गोद लें और उसे मॉडल झुग्गी बस्ती के रूप में विकसित करें। इस अभियान की शुरुआत दिल्ली से होगी। बाद में

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली : नरेंद्र मोदी सरकार के तीन साल पूरे होने पर केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं

इसे देश भर में चलाया जाएगा। मंत्रालय के सहयोग से शुरू होने वाली इस योजना को उन्होंने जीवन सार्थक योजना नाम दिया है।

उन्होंने कहा कि वह खुद तिमारपुर की एक झुग्गी बस्ती को गोद लेकर अभियान की शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा कि भले ही यह बस्ती सासद एवं प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी के क्षेत्र का हिस्सा हो, लेकिन वह इस इलाके में पहले भी कार्य कर चुके हैं। उनकी कोशिश है कि दिल्ली के सभी जिलों में इस योजना को चलाया जाए जिससे गरीबों का विकास हो सके।

मोबाइल पर भी अपनी पसंदीदा खबरें और मैच के Live स्कोर पाने के लिए जाएं m.jagran.com पर

Share Like 0 G+1 0

Web Title:

(Hindi news from Dainik Jagran, newsnational Desk)

कमेंट करें

29 मई तक कॉलेज जारी करें विज्ञापन

आत्मरक्षा व महिला सशक्तीकरण के लिए किया जागरूक

यह भी देखें

रात में पूजा से प्रसन्न होते हैं बजरंगबली
Aaj Tak